कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रं./एफ–328/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/54 भिलाई, दिनांक 17/01/25

आदेश

26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम, भिलाई में कलेक्टर दुर्ग द्वारा जारी किये गये परिपत्र के अनुक्रम में निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है :–

क्र	कार्यक्रम का विषय	कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु प्रभारी अधिकारी
1	2	3
1	सभी महत्वपूर्ण स्मारकों की साफ–सफाई एवं माल्यार्पण की व्यवस्था।	प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी
2	नगर की साफ–सफाई अच्छी रहनी चाहिए इसके पूर्व सभी जगहों पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।	प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी
3	गणतंत्र दिवस के सभी सार्वजनिक संस्थानों पर एवं कार्यालयों में जहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावेगा, राष्ट्र भक्ति के गीत रिकार्डस का उपयोग होना चाहिए इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के फिल्मी गीतों/धुनों का बजाना वर्जित होगा। जोन कार्यालयों/मुख्य कार्यालय के भवनों में रोशनी की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित किया जावें।	कार्यपालन अभियंता भवन संधारण/ जोन आयुक्त, जोन क्रं. 1,2,3,4 एवं 5
4	गणतंत्र दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के संबंध में जन सामान्य से अपील बाबत् स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने की व्यवस्था करेंगे।	जनसंपर्क अधिकारी
5	नगर के मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों देशभक्ति के गीत प्रसारित करेंगे।	जोन आयुक्त, जोन क्रं. 1,2,3,4 एवं 5

स्मारकों की साफ–सफाई एवं नगर की साफ–सफाई दिनांक 25.01.2025 तक अनिवार्यतः पूर्ण कर लिये जाये। स्मारकों में माल्यार्पण एवं देशभक्ति के गीत दिनांक 26.01.2025 को प्रातः 5.00 बजे से प्रसारित किये जायें। उक्त कार्यवाही जोन आयुक्त के निर्देशन में पूर्ण किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क्रमश...

पृ.क्र./एफ–328/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/55 भिलाई, दिनांक 17/11/25

प्रतिलिपि :–

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. कार्यपालन अभियंता भवन संधारण, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. जोन आयुक्त, जोन 1/2/3/4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. जनसंपर्क अधिकारी/प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. स्टेनो टू आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई